संख्या- 6/ 65 /अड़तीस-9-14-500(39)/2013

प्रेषक

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी
पीलीभीत।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक- 17 जनवरी, 2014

विषय- श्री अगयश राम सरन वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत "तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत के प्रागण में वादकारियों के हितार्थ पुस्तकालय एवं वाचनालय निर्माण की श्रेणी के अन्तर्गत आता है अथवा नहीं, के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 2790/अभिकरण/वि0म0क्षे0वि0नि0/मार्ग-दर्शन/2013-14, दिनांक- 31.10.2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री अगयश राम सरन वर्मा, मा0 सदस्य, विधान सभा द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत "तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत के प्रागण में वादकारियों के हितार्थ पुस्तकालय एवं वाचनालय हेतु संस्तुत की गयी धनराशि को अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में मार्ग-दर्शन मांगे गये है।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के मार्गदर्शी सिद्वान्तों के परिशिष्ट-1 के बिन्दु संख्या-8 में सार्वजनिक पुस्तकालय/वाचनालय की अनुमन्यता प्रदान किये जाने की स्थिति के आलोक में निम्न बिन्दुओं पर ध्यान देते हुये अपने स्तर से यथोचित निर्णय लेकर अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें:-

(1)- प्रस्तावित पुस्तकालय/वाचनालय के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है तथा उसका उपयोग सार्वजनिक हित में किस प्रकार किया जायेगा।

(2)- प्रस्तावित पुस्तकालय/वाचनालय के अनुरक्षण एवं देख-रेख के कार्य के लिये कौन उत्तरदायी होगा।

भवदीय

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

संख्या- 6/ 65 /अड़तीस-9-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि, आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in